# औद्योगिक क्षेत्र में होंगी मेट्रो सिटी जैसी सुविधाएं

■ शैलेंद्र श्रीवास्तव

लखनऊ। यूपी में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए औद्योगिक नगरी में मेट्रोपोलिटन सिटी जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। इसमें सड़क, सिटी ट्रांसपोर्ट, वेयर हॉउस और लॉजिस्टिक पार्क जैसी सभी जरूरी सुविधाएं दी जाएंगी। इतना ही नहीं जरूरत के आधार पर मेट्रो रेल की

**■ निकाय व प्राधिकरण नहीं स्वयं विकास कराएगा औद्योगिक विकास विभाग**

सुविधाएं भी आगे चलकर देने पर विचार किया जाएगा। इसके लिए औद्योगिक विकास विभाग अब स्वयं इन क्षेत्रों में विकास कराएगा और शुल्क भी वसूलेगा। विकास कार्यों के लिए विकास प्राधिकरणों और निकायों को मिलने वाला दो फीसदी स्टांप शुल्क भी औद्योगिक विकास विभाग लेगा। इस संबंध में जल्द ही कैबिनेट से प्रस्ताव पास कराने की तैयारी है।

**सुविधाएं देकर बढ़ाएंगे निवेशः** राज्य सरकार प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ाने के लिए नित नई सुविधाएं दे रही है। उच्चाधिकारियों का मानना है कि निवेश बढ़ने से रोजगार के रास्ते खुलेंगे और प्रदेश के युवाओं को अन्य राज्यों में नौकरी के लिए नहीं जाना पड़ेगा। औद्योगिक विकास विभाग ने देश के अन्य राज्यों का सर्वे कराया है। खासकर गुजरात मॉडल को देखा गया है। इसके आधार पर ही विकास का खाका तैयार किया जा रहा है। विकास के लिए औद्योगिक विकास विभाग को पैसों की जरूरत भी होगी, इसके लिए स्टांप शुल्क का दो फीसदी लेने का विचार है।